**प्रेस नोट दिनाँक 05.04.2021**

**(1). आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-05.04.2021 को श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय चित्रकूट में समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में महोदय द्वारा निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिये।**

(i). कलैक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा गोष्ठी में मण्डलायुक्त महोदय चित्रकूटधाम मण्डल एवं पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूधाम परिक्षेत्र द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश एवं आदेशों का शत-प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देश दिये।

(ii). महोदय द्वारा कारक व पीड़ित चिन्हित करने हेतु निर्देश दिये गये।

(ii). संवेदनशीलता के कारक चिन्हित करने हेतु निर्देश दिये।

(ii). क्लस्टर मोबाइल की सूचना कुछ थानों से अप्राप्त होने पर शीघ्र भेजने हेतु कड़े निर्देश दिये।

(iii). संवेदनशील ग्रामों के 10 साल के अपराधियों की सूची बनाकर सम्बन्धित बीट प्रभारी व बीट आरक्षी को अवगत कराकर कार्यवाही कराये।

(iv). पूर्व के चुनाव में पंजीकृत अभियोगों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिये गये।

(v). जिस-जिस थानों से बैरियर डियूटी सूचना अप्राप्त है, शीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें।

(vi). सभी प्रभारी अपने-अपने थाने की नामांकन हेतु ब्लॉक पर लगी डियूटी चार्ट चुनाव कार्यालय भिजवायें।

(vii). सभी प्रभारियों की गाड़ी में पी0ए0 सिस्टम, दंगा नियंत्रण उपकरण एवं वीडियो कैमरा अवश्य होना चाहिए। थाने की जनशक्ति के मुताबिक दंगा नियंत्रण उपकरण पुलिस लाइन से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

(viii). समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र मे एरिया डोमिनेशन करायेगें, एरिया डोमिनेशन करते समय फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी अवश्य करायें एवं प्रतिदिन सोशल मीडिया सेल को अवश्य भेजे।

(ix). महोदय द्वारा समस्त प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिये कि जनपद का फोर्स बाह्रय जनपद डियूटी जाते समय पुलिस लाइन में आमद कराकर रवाना होगे।

(x). चुनाव हेतु बाह्रय जनपदों से आने वाले फोर्स के रूकने हेतु स्थान का चिन्हीकरण कर समुचित व्यवस्था कराने हेतु निर्देश दिये।

(xi). शस्त्र जमा की कार्यवाही अधिक से अधिक करायें।

(xii). लाइजनिंग अधि0/कर्मचारीगणों की सूची चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर लें।

समीक्षा गोष्ठी में श्री शैलेन्द्र कुमार राय अपर पुलिस अधीक्षक, श्री सुबोध गौतम क्षेत्राधिकारी मऊ, श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय क्षेत्राधिकारी नगर/राजापुर, श्री यतीन्द्रनाथ उमराव मुख्य अग्निशमन अधिकारी, श्री सुमेर सिंह प्रतिसार निरीक्षक, श्री कप्तान सिंह आरआई रेडियो, श्री अरूण कुमार पाठक प्रभारी चुनाव सेल एवं समस्त थाना प्रभारी एवं श्री दिनेश सिंह पीआरओ पुलिस अधीक्षक, श्री शिवबदन सिंह वाचक पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहें।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 श्री दीपक यादव थाना पहाड़ी तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 148/18 धारा 498ए/306 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त वंशगोपाल पुत्र दुजवा निवासी कुचारम थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री दीपक यादव थाना पहाड़ी
2. आरक्षी दीपक विश्वकर्मा
3. आरक्षी वेदान्त पाण्डेय

**(3).** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-05.04.2021 की रात्रि में श्री जी0पी0 सिंह अपर जिलाधिकारी चित्रकूट एवं श्री शैलेन्द्र कुमार राय अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में थाना बहिलपुरवा अन्तर्गत लंकपुरवा मजरा ददरीमाफी में जागरूकता जन चौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल में महोदय द्वारा बताया गया कि होने वाले पंचायत चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए, किसी के दबाव में न आए भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान अवश्य करें। ग्राम में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध कार्य की सूचना पुलिस को अवश्य दें जिससे कि अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सकें। कोविड-19 के दृष्टिगत समस्त लोगों से अपील की गयी कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करें मास्क लगाकर ही घर से बाहर जाए तथा वैक्सीनेशन अवश्य कराये ताकि कोरोना वायरस से बचा जा सके। महोदय द्वारा बताया गया कि कोई भी अवैध शराब का सेवन न करें। जनचौपाल में उपस्थित जनमानस द्वारा आश्वत कराया गया कि वो लोग किसी भी प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त नही होगे तथा अवैध शराब का सेवन नही करेगें।

आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना बहिलपुरवा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**(4).** उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 06.04.2021 को एंटी रोमियो टीम थाना मारकुंडी द्वारा ग्राम छेरिया खुर्द व नई बस्ती में भ्रमण कर, एण्टी रोमियो टीम बहिलपुरवा द्वारा ग्राम नई दुनिया एवं रेलवे स्टेशन में भ्रमण कर, एंटी रोमियो टीम थाना बरगढ़ द्वारा ग्राम खोहर, भरतपुरवा, उसरीमाफी व मुरका में, एण्टी रोमियो टीम थाना राजापुर द्वारा ग्राम पटवरिया एवं रमपुरिया में, एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम कस्बा क्षेत्र पहाड़ी में, एंटी रोमियो टीम थाना मानिकपुर द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज, मार्केट डॉट पुल, शिवनगर में, एण्टी रोमियो टीम महिला थाना टीम द्वारा धुस मैदान, चुंगी चौराहा, तरौहा मोड़, एण्टी रोमियो टीम थाना मऊ द्वारा बस स्टैण्ड मऊ, शिवपुर तिराहा, बाबूलाल तिराहा, आनन्दी माता मंदिर, महामति प्राणनाथ इण्टर कॉलेज मऊ में भ्रमण करके छात्राओं/बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन मे आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में उ0नि0श्री प्रवीण सिंह व उनके साथी उ0नि0 द्वारा अभियुक्त दयाशंकर केवट उर्फ मंगी केवट पुत्र सन्तराम निवासी शंकर बाजार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 20 लीटर कच्ची शराब महुआ व शराब बनानें के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्वी मे मु0अ0सं0 146/2021 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

20 लीटर कच्ची शराब महुआ व शराब बनाने के उपकरण

**<u>बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0श्री प्रवीण सिंह थाना कोतवाली कर्वी
**2.** उ0नि0 श्री शिवकुमार

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा भोली-भाली जनता मे भय आतंक व गुण्डा गर्दी करने वाले अभियुक्तों 1. तीरथ प्रसाद पुत्र लेखराम नि0 बन्दर कोल निवासी कर्वी 2.चन्दा मुसलमान पुत्र लल्लू कुन्जरा नि0 अहिरन टोला 3. सोनू केवट पुत्र गोरेलाल निवासी शोभासिंह का पुरवा 4. गोरेलाल पुत्र शंकर निवासी बनाडी 5. जिन्दराज अली पुत्र सहजादे नि0 तरौहा 6.मो0 आसिफ पुत्र मो0 रहीस नि0 भरतपुरी 7.गणेश पुत्र नत्थू नि0 भैरवपागा 8. राजेश उर्फ कल्लू पुत्र गुलाब चन्द्र नि0 खोही 9. धर्मपाल पुत्र हरिवा 10. गोरेलाल पुत्र भैरमा 11. सूरजपाल पुत्र हरिवा निवासीगण भीटा खेडा 12. सुरेश पुत्र हरिवा 13.संतोष पुत्र भैरमा 14.चिलुवा उर्फ चितौहा पुत्र भैरवा 15. अमरनाथ पुत्र चितौहा निवासीगण भीटा खेडा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरूद्ध धारा 110 जी सीआपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(7).** जनपद चित्रकूट पीआरवी 4414 चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी अंतर्गत दिनाँक 05/04/2021 को समय 18:20 बजे पीआरवी अपने पॉइंट रामघाट में थी पीआरवी कर्मियों को रामघाट में मत्स्य गजेंद्रनाथ मंदिर के पास एक vivo एंड्रॉयड स्मार्टफोन पड़ा हुआ मिला।मोबाइल में लगातार फोन आ रहा था।पीआरवी कर्मियों द्वारा बात की तो रामनाथ गुप्ता जी ने बताया कि सर ये मेरा मोबाइल फोन है रामघाट में कही पर गिर गया था। पीआरवी ने रामनाथ गुप्ता को बताया कि आप परेशान न हो आप रामघाट आकर अपना मोबाइल फोन ले ले। पीआरवी कर्मियों ने vivo मोबाइल फोन रामनाथ गुप्ता s/o सुंदरलाल r/o अहिरन टिकुरा op सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी को दिया गया है। मोबाइल फोन पाकर रामनाथ जी प्रसन्न हो गये। और रामनाथ जी ने पुलिस की भूरी भूरी प्रसंसा और सराहना की।

**पीआरवी स्टाफ**
कमांडर - आरक्षी राहुल देव
पायलट - hg दिलीप यादव

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में श्री रमेश चन्द्र प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त चंद्रपाल उर्फ चंदा यादव पुत्र स्व० राम औतार निवासी जरोमाफी थाना मारकुंडी जनपद चित्रकूट को करौहा तिराहे के पास 500 ग्राम सुखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में मु0अ0स0 17/2021 धारा 08/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**
1. श्री रमेश चन्द्र प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी
2. आरक्षी अंकित शुक्ल
3. आरक्षी संदीप शिवहरे
4. आरक्षी विनय कुशवाहा

**(9).** आज दिनाँक-06.04.2021 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री संगमलाल गुप्ता एवं श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं पीएसी बल द्वारा थाना मानिकपुर अन्तर्गत अतिसंवेदनशील ग्राम लक्ष्मणपुर एवं संवेदनशील ग्राम रामपुर कल्याणगढ़ में आचार संहिता का पालन कराते हुए एरिया डोमिनेशन किया गया। पुलिस

टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन कर जनता से निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अधिक से अधिक मतदान करने तथा चुनाव के दौरान अवैध कार्यों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु अपील की। समस्त ग्रामवासियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की।

**(10).** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-06.04.2021 को श्री रामप्रकाश उपजिलाधिकारी कर्वी एवं श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय क्षेत्राधिकारी राजापुर की अध्यक्षता एवं श्री संजय उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप की उपस्थिति में थाना भरतकूप अन्तर्गत ग्राम गोबरिया एवं इटखरी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल में महोदय द्वारा बताया गया कि होने वाले पंचायत चुनाव में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए, किसी के दबाव में न आए भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान अवश्य करें। ग्राम में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध कार्य की सूचना पुलिस को अवश्य दें जिससे कि अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सकें। कोविड-19 के दृष्टिगत समस्त लोगों से अपील की गयी कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करें मास्क लगाकर ही घर से बाहर जाए तथा वैक्सीनेशन अवश्य कराये ताकि कोरोना वायरस से बचा जा सके। महोदय द्वारा बताया गया कि कोई भी अवैध शराब का सेवन न करें। जनचौपाल में उपस्थित जनमानस द्वारा आश्वत कराया गया कि वे लोग किसी भी प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त नही होगे तथा अवैध शराब का सेवन नही करेगें।

आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।